DailyBalodNews

(यह डेली बालोद न्यूज का ई प्रिंट है, खबरों और विज्ञापन प्रकाशन हेतु वॉट्सएप करें 9755235270 पर) हमारा न्यूज पोर्टल: dailybalodnews.com



टीम डेली बालोद न्यूज

## भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय को बधाई देने पहुंचे जन सेवक राकेश कुमार यादव



बालोद/ भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री डॉ. सरोज पांडेय को जन्मदिन पर शनिवार को बधाइयों का तांता लगा रहा। सुबह से ही उन्हें बधाई मिलने का सिलसिला शुरु रहा। दोपहर बाद सुश्री पांडेय मालवीय नगर स्थित जल परिसर आवास पहुंची। यहां भाजपा नेताओं,कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने उनका जोरदार स्वागत कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। इस ख़ुशी के मौके पर बालोद जिले से जन सेवक राकेश कुमार यादव भी उन्हें बधाई देने पहुंचे. इस दौरान दल्ली राजहरा से सौरभ लुनिया सहित अन्य लोगों ने सुश्री सरोज पाण्डेय को गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी. इस अवसर को यादगार बनाने भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा सुश्री सरोज पांडेय का अपने-अपने अंदाज में स्वागत-अभिनंदन कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी गई। कई कार्यकर्ताओं ने जहां केक कटवाया,गुलदस्ता भेंट किए, वहीं कई लोगों ने मिठाइयां बांटकर जन्मदिन की खुशियां मनाई। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी भी की। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री डॉ. सरोज पांडेय को जन्मदिन पर भाजपा के राष्ट्रीय व प्रादेशिक नेताओं द्वारा भी बधाई दी गई है। कार्यकर्ताओं ने जल परिसर पहुंचकर सुश्री पांडेय को जन्मदिन की बधाई दी और उनके दीर्घायु की कामना की। बधाईयों को सुश्री पांडेय ने आत्मीयता के साथ स्वीकार किया और लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।




## सांकरा ज हायर सेकेंडरी स्कूल में योगाभ्यास

बालोद - ये नजारा सांकरा ज हायर सेकेंडरी स्कूल में योगाभ्यास का है .जहाँ योग दिवस पर सभी स्टाफ और बच्चों ने योग किया और इसे अपने दैनिक जीवन में भी शामिल करने की बात कही. इस दौरान कई आसन में योग अभ्यास किया गया. डेली बालोद न्यूज़ के लिए तस्वीर व्याख्याता लोचन प्रसाद देशमुख ने हमें प्रेषित की है.

**Top News** दो सड़क हादसे: एक में बाइक चालक की मौत, तो दूसरी घटना में ट्रक और हाईवा भिड़े, दोनों पैर टूटे पर बची जान

## घर लौटने से पहले मौत से सामना: अज्ञात वाहन ने कुचला, निकली जान

बालोद। बालोद जिले में शनिवार की बीती रात को अर्जुंदा थाना क्षेत्र के ग्राम परसवानी में एक बाइक चालक को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। जिससे मौके पर ही बाइक चालक की मौत हो गई। देर रात तक उसकी पहचान हो पाई। जो कि मूलतः देवगहन का निवासी रामचरण उर्फ रामू सिन्हा निकला। जो वर्तमान में ग्राम घीना अपने ससुराल में ही अपनी पत्नी बिमला बाई के साथ वर्षों से रहा करता था रात को वह देवगहन गया था या अर्जुंदा इसकी पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन वह बाइक से अपने ससुराल घीना लौट रहा था। इस बीच उसे अज्ञात वाहन ने कैसे टक्कर मारी, क्या हुआ होगा? कोई नहीं देख पाया। देर रात जब राहगीर अर्जुंदा क्षेत्र से लौट रहे थे तो उसकी लाश सड़क पर पड़ी मिली। फिर पुलिस थाने में सूचना दी गई। घटनास्थल पर शराब की शीशी, चिकन और डिस्पोजल भी पड़ा हुआ था। ऐसे में अनुमान यह भी लगाया जा रहा है कि कहीं मृतक वहां बैठकर शराब तो नहीं पी रहा था। बाइक के डिक्की में भी शराब मिली है। वही ग्रामीणों का कहना है कि रात में इस मार्ग से मुरूम से भरी हाईवा गुजर रहे थे। अब मृतक को टक्कर किस गाड़ी ने मेरी अभी जांच का विषय है। ग्रामीणों के अनुसार मृतक घीना में रहकर राजमिस्त्री का काम करता था। उनके दो बेटे और एक बेटी है।

**दो ट्रक और हाईवा आपस में भिड़े,दोनों के चालक गंभीर, एक चालक का दोनों पैर टूटा**

इधर बालोद से गुरुर मार्ग पर ग्राम तार्री के पास एक ट्रक और एक हाइवा में ज़बरदस्त भिड़ंत हो गई। जिसमें रेत से भारी हाइवा चालक का दोनों पैर टूट गया। तो वहीं चावल से भरे ट्रक का चालक भी घायल है। दोनों गंभीर घायलों का इलाज जारी है। इधर दोनों वाहनों की स्थिति काफी चकनाचूर हो गई थी। काफी मशक्कत के बाद यातायात विभाग बालोद की टीम द्वारा मार्ग दुरुस्त कराया गया। नेशनल हाईवे क्रमांक 930 पर यह हादसा हुआ था। घटना शनिवार को सुबह 5 से 6 बजे के बीच बताई जा रही है।

**हाईवा चालक के खिलाफ मामला हुआ दर्ज**

आवेदक सतीन्दर पाल सिंह टुटेजा द्वारा हाइवा क्र0 CG 24 T 4575 के चालक द्वारा एक्सीडेंट करने के संबंध में थाने में शिकायत दर्प्राज कराया गया। सतीन्दर पाल ने बताया वार्ड क्र0 27 कैलाश नगर जिला राजनांदगांव का रहने वाला हूं। दिनांक 22/06/2024 के प्रात: 5 बजे ग्राम तार्री में मेरा ट्रक CG 08 Y 3531 को हाईवा क्र0 CG 24 T 4575 का चालक तेज रफ्तार लापरवाही पूर्वक चलाकर मेरा ट्रक का एक्सीडेंट कर दिया है। जिससे मेरा ड्राइवर गिरधर राम को चोट आई है। दुर्घटना से मेरा ट्रक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। हाइवा ट्रक का चालक रांग साइड से आकर मेरा ट्रक को एक्सीडेंट किया है।

गुरुर पुलिस ने हाईवा चालक के खिलाफ धारा 279 , 337 का केस दर्ज किया है.



दुर्घटना ग्रस्त गाड़ियाँ

## नाबालिग के साथ शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने पर 20 साल का कारावास, छेड़खानी करने वाले को तीन साल की सजा

संवाददाता | बालोद

किरण कुमार जांगडे, विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) बालोद (छ.ग.) के द्वारा - आरोपी नीरज साहू उम्र 22 वर्ष, निवासी मुरवास वार्ड क. 4.थाना-मुरवास, जिला-विदिशा (म.प्र.) को अंतर्गत भारतीय दण्ड संहिता की धारा 363 के आरोप में तीन वर्ष का सश्रम कारावास व 1000/- अर्थदण्ड, भा.द.वि. की धारा 366 के आरोप में पांच वर्ष का सश्रम कारावास व 2000/- अर्थदण्ड लैंगिक अपराध की धारा 4(2) के आरोप में बीस वर्ष का सश्रम कारावास व 3000/- रू0 अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। व्यतिक्रम पर एक-एक-एक वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास से दण्डित किया गया। प्रकरण का संक्षिप्त विवरण सी.एल. साहू, विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) के अनुसार- दिनांक 21 फ़रवरी 2022 को प्रार्थी राकेश मेहता थाना बालोद में उपस्थित होकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया कि वर्तमान में ग्राम पंचायत उमरादाह का सरपंच हूँ, उसकी गांव की नाबालिग पीडिता 20 फवरी को लगभग 11 बजे घर से दादी के घर जा रही हूँ कहकर निकली है, जो घर वापस नहीं आयी है। कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी पीडिता को नाबालिग होना जानते हुए बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। प्रार्थी की उपरोक्त लिखित रिपोर्ट के आधार पर थाना-बालोद में गुम इंसान दर्ज कर पता तलाश में लिया गया तथा अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध धारा-363 का अपराध पंजीबद्ध कर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान अपहृत नाबालिग पीड़िता को 22 फ़रवरी को ग्राम मुरवास, मुरवास, जिला विदिशा (मध्यप्रदेश) में आरोपी नीरज साहू के कब्जे से बरामद कर थाना लाया गया। अपहृत पीड़िता द्वारा पूछने पर बतायी कि मेरे घर के नंबर पर रांग नम्बर से फोन आया था। उसने फोन पर अपना नाम नीरज साहू बताया था। नीरज साहू फोन कर बातचीत के दौरान मुझे प्रपोज किया कि मैं तुमसे प्यार करता हूँ और तुमसे शादी करना चाहता हूँ। तब पीड़िता ने नाबालिग होना बताई फिर भी आरोपी नीरज साहू नहीं माना और कहा कि मैं तुमको लेने छत्तीसगढ़ आऊंगा फिर तुम्हे अपने साथ अपने घर मुरवास ले जाकर शादी करूंगा। तब पीड़िता ने मना किया फिर भी आरोपी नीरज साहू दिनांक 19 फ़रवरी के सुबह फोन कर दुर्ग बस स्टैण्ड में मिलने के लिये बुलाया, जहां पर नीरज साहू पहले से दुर्ग से नागपुर का टिकट कटा लिया था। नीरज साहू पीड़िता को ट्रेन से नागपुर ले गया, फिर नागपुर से भोपाल ले गया। उसके बाद अपने निवास स्थान ग्राम मुरवास में रखा था। इस दौरान आरोपी नीरज साहू पीड़िता के साथ दैहिक शोषण किया। आरोपी द्वारा पीड़िता के साथ बलात्कार की घटना कारित किया जाना पाये जाने पर थाना बालोद के द्वारा आरोपी के विरूद्ध 363, 366, 376(2) (ढ), 376 (3) भारतीय दण्ड संहिता एवं लैंगिक अपराध से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 4, 5 (ठ)/6 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लिया गया। तत्पश्चात् संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्त के खिलाफ अपराध पाये जाने पर आरोपी के विरूद्ध अभियोग पत्र विचारण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण की विवेचना निरीक्षक पद्मा जगत व निरीक्षक मनीष शर्मा के द्वारा किया गया था। न्यायालय द्वारा प्रकरण में आये साक्ष्य के आधार पर आरोपी को उक्त दण्ड से दण्डित किया गया।

### होली खेलने के बहाने नाबालिग कीचड़ में गिरा कर गंदी हरकत कर रहा था आरोपी




किरण कुमार जांगड़े, विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) बालोद (छ.ग.) के द्वारा आरोपी प्रवीण कुमार चौधरी उम्र-29 वर्ष,निवासी सिरसिदा, थाना गुण्डरदेही, जिला-बालोद को भा.दं.सं. की धारा 354 के आरोप में 03 वर्ष का सश्रम कारावास व 1,000/- रू० अर्थदण्ड था लैंगिक अपराध से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धारा 8 के आरोप में तीन वर्ष का सश्रम कारावास व 1,000/- रुपये अर्थदण्ड तथा व्यतिक्रम होने पर 06-06 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास से दण्डित किया गया। प्रकरण की पैरवी शासन की ओर से छन्नू लाल साहू, विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) के द्वारा किया गया जिसके अनुसार घटना की संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि पीड़िता के पिता दिनांक 08 मार्च 2023 को थाना गुण्डरदेही में उपस्थित होकर लिखित में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 8 मार्च को होली का त्यौहार था लगभग 5 बजे पीड़िता होली खेलने के लिए हॉस्पीटल चौक के पास गई थी, तब आरोपी प्रवीण चौधरी पीड़िता के साथ होली खेलने के बहाने नाली के किचड़ में गिराकर गंदा पानी को पीड़िता के ऊपर डालते हुए बेईज़्ज़ति करने की नियत से पीड़िता के सीना को छू रहा था और पैसा को दिखा रहा था। घटना को बुआ गंगोत्री देवी जिससे देखकर चिल्लाई और देवकुमार व रिखी राम दोनों प्रवीण को पीछे हटाये। पीड़िता घर आकर अपनी मम्मी को घटना की जानकारी दी। प्रार्थी की लिखित रिपोर्ट के आधार पर स.उ.नि.- लता तिवारी द्वारा अभियुक्त के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना पश्चात् अभियोग प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में आये साक्ष्य के आधार पर आरोपी को उक्त दण्ड से दण्डित किया गया।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की महत्ता पर प्रकाश डाला, एफएलएन प्रशिक्षण में शिक्षकों ने बच्चों को सिखाने की ली चुनौती

## प्रशिक्षण का दूसरा चरण 24 जून से





गुंडरदेही| राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद रायपुर के द्वारा आयोजित चार दिवसीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान प्रशिक्षण का प्रथम चरण गुण्डरदेही जोन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार यादव ए बीईओ श्रीमति श्रद्धा ठाकुर ने आगामी शिक्षा सत्र की शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर प्रकाश डाला तथा एफएलएन की सफलता के लिए विद्यालय प्रिंट रिच वातावरण, नेतृत्व क्षमता, पालक व सामुदायिक सहभागिता तथा प्रोत्साहन को महत्वपूर्ण बताया एवं समय के साथ सभी शिक्षकों को अपडेट रहने निर्देशित किया। डायट से संगीता साहू ने इस प्रशिक्षण को स्कूल में क्रियान्वयन कर प्रभावी परिणाम प्राप्त करने की अपेक्षा की। गुण्डरदेही ब्लॉक के बीआरसीसी किशोर साहू और एकेडमी कोऑर्डिनेटर सनत वर्मा और तीसरे दिन एलएलएफ से डीएसीउत्तम साहू ने बताया भाषा के चार खंड मौखिक भाषा ,डिकोडिंग, पठन,लेखन एवम गणित के चार खंड मौखिक गणित बातचीत,मुख्य दक्षता पर कार्य ,मुख्य दक्षता पर कौशल अभ्यास , खेल खेल में गणित के कौशल पर फोकस करते हुए इसके चार ब्लॉक मॉडल बताए एवं रोचक प्रभावी गतिविधियों के माध्यम से प्रेरित किया कि शिक्षक स्वयं करके देखें एवं ऐसा करने के लिए बच्चों को भी प्रेरित करें, साथ ही प्रतिदिन कार्य योजना बनाना,तथा पाठ्य पुस्तक, अभ्यास पुस्तिका एवं शिक्षक संदर्शीका का समन्वय करते हुए कहा कि इससे हमें प्रतिदिन यह ज्ञात होगा कि आज की कार्य योजना क्या है तथा इस पर कार्य करते हुए हम हर सप्ताह के अंत में मैने सीख लिया पर बच्चो का आकलन ,ट्रेकर में दर्ज करते हुए समूह निर्माण कैसे करे इस पर विस्तारपर्वक चर्चा हो पाया। कमजोर बच्चों के लिए विषय मित्र, गली मित्र, लनिर्ग पिरामिड, पुस्तकालय प्रबंधन, नवा जतन, ई-जादूई पिटारा आदि पर कार्य करने की विस्तार से जानकारी दी गई तथा सफलता के छह बिंदु 6ब अंतर्गत गहन चिंतन, सृजनात्मकता, सहयोग चुनौती लेते हुए कहा कि एफएलएन तकनीक के माध्यम से वे बच्चों को भाषाई एवं गणितीय कौशल देने में अवश्य ही कामयाब होंगे। इसअवसर पर(SRG)श्रीलक्ष्मीनारायण साहू एवम शैलेंद्र पाण्डेय (DRG) सुभाष गजेंद्र,भूषण साहू,डॉ पुष्पलता चंद्राकर,गीतिका महोबिया,पूजा साहू, भारती सिंह,नीलकंठ पटेल,मीनू ठाकुर,सनत देशमुख,कृष्णकुमार सिंह,बिमलेश्वरि साहू,पितेश्वर साहू मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण दिया। पहले चरण में 135 शिक्षको की सहभागिता रही। ज्ञात हो कि प्रशिक्षण का दूसरा चरण 24 जून से प्रारंभ होगा।

# प्रथम नियुक्ति से सेवा गणना सहित क्रमोन्नति, पुरानी पेंशन, पदोन्नति आदि पर रणनीति बना कर संघर्ष करने पर दिया गया जोर

## संगठनात्मक मुद्दे पर भी लिए गए निर्णय.. संगठन को मजबूत करने बनीं रणनीति





बालोद| छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन, जिला कार्यकारिणी बालोद की गंगा मैया प्रांगण झलमला में अति आवश्यक बैठक रखी गई ! जिसमें सांगठनिक गतिविधियों के साथ प्रांताध्यक्ष की अनुमति अनुसार जिला कार्यकारिणी विस्तार, प्रांतीय प्रतिनिधि, प्रांतीय महिला प्रतिनिधि, महिला जिला प्रतिनिधि सहित सक्रिय पदाधिकारियों की टीम का विस्तार आदि पर चर्चा कर निर्णय लिया गया. जिला व ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूत करने सभी पदाधिकारियों ने जोर दिया! शिक्षकों की मांगों, जिसमें प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा लाभ देकर क्रमोन्नत वेतन मान, पुरानी पेंशन का लाभ देने, नियमित पदोन्नति प्रक्रिया सहित प्रांतीय, जिला व ब्लॉक स्तरीय समस्याओं के निराकरण हेतु जल्द रणनीति बना कर कार्य करने पर सभी पदाधिकारियों ने चर्चा की. जिला व ब्लॉक स्तर पर सांगठनिक पदो पर सक्रिय पदाधिकारियों को कार्य करने के अवसर प्रदान करने जिला स्तरीय बैठक के पश्चात अब सभी ब्लॉक में भी जल्द बैठक आयोजित की जाएगी! बैठक में जिलाध्यक्ष दिलीप साहू द्वारा प्रांतीय गतिविधियों व जिला स्तर पर प्राथमिक प्रधान पाठक पदोन्नति, सेवा पुस्तिका व पासबुक संधारण सहित अन्य मुद्दे पर किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई. पदाधिकारियों द्वारा बैठक में मांगों व अन्य संगठनात्मक विषयों पर आए सुझावों/ प्रस्तावों से प्रांतीय कार्यकारिणी को जल्द अवगत कराया जाएगा.प्रांतीय महिला प्रतिनिधि श्रीमती ललिता यादव के सेवानिवृत्ति उपरांत उनके स्थान पर महिला प्रतिनिधि व जिला महिला प्रतिनिधि श्रीमती नीता बघेल के देहावसान के कारण संगठन में रिक्त पदों पर सर्वसम्मति से नाम तय किया गया. उक्त दोनों पदों के लिए नए पदाधिकारियों एवं प्रांतीय प्रतिनिधि के प्रस्तावित नाम जल्द प्रांतीय कार्यकारिणी को अनुमोदन हेतु भेजे जाने का निर्णय लिया गया. प्रांतीय महिला प्रतिनिधि श्रीमती ललिता यादव को सेवानिवृत्ति पर संगठन की ओर से बिदाई भी दी गई.बैठक में जिलाध्यक्ष दिलीप साहू, प्रदेश संगठन सचिव प्रदीप साहू, जिला संयोजक बीरबल देशमुख, रामकिशोर खरांशु, जिला उपाध्यक्ष शिव शांडिल्य, वीरेन्द्र देवांगन, जिला सचिव नरेंद्र साहू, जिला कोषाध्यक्ष पवन कुम्भकार, ब्लॉक अध्यक्ष गुरु सूरज गोपाल गंगबेर, अध्यक्ष गुंडरदेही राजेन्द्र देशमुख, अध्यक्ष डौंडी गजेन्द्र कुमार रावटे, अध्यक्ष डौंडी लोहारा अविनाश साहू, श्रीमती ललिता यादव महिला प्रतिनिधि, मधुमाला कौशल, अंजुलता योगी, दुर्गा जोशी सहित जिला प्रतिनिधियों में नीलेश देशमुख, जगत राम साहू, रिखी ध्रुव, रवींद्र नाथ योगी, कमल आलेंद्र, जिला आई टी सेल प्रभारी हरीश साहू, गुलाब भारद्वाज, भूपेंद्र प्रसाद पांडेय, लक्ष्मी नारायण बंजारे, महेंद्र टांडिया, कामतू राम चंदेल, रामसिंह ठाकुर, धिराज सिंह कस्तुरे, मनीष देशमुख, कुलभूषण साहू आदि पदाधिकारी उपस्थित थे.

# राष्ट्रीय तायक्वांडो प्रतियोगिता के तीन खिलाड़ी हुए चयनित, असम में दिखायेंगे दम, तैयारी हेतु बहा रहे पसीना



संवाददाता | बालोद

जिला मार्शल आर्ट्स एकेडमी बालोद, से एक बार फिर राष्ट्रीय तायक्वांडो प्रतियोगिता जवाहर लाल नेहरू इंडोर स्टेडियम कटक ओडिसा के चयनित हुए हैं जहां, एक बार बालोद जिला का सिर ऊंचा हुआ, वहीं जिला मार्शल आर्ट्स एकेडमी बालोद से तीन प्रतिभागी शामिल हो रहें हैं, जिनमें जूनियर कैटेगरी से रितेश कुमार -45 किलो ग्राम, प्रसून वैष्णव - 48 किलोग्राम, तथा वेदांत साहू -73 किलो ग्राम वेट कैटेगरी में शामिल होंगे. इनकी ट्रेनिंग इंडोर स्टेडियम गंजपारा बालोद में होती है. .जहां ये प्रतिभागी तायक्वांडो क्योर्गी इवेंट में भाग लेंगे, इनसे पहले इन प्रतिभागियों ने नेशनल फेडरेशन गेम्स में भी भाग लिए हैं जहां अपना पदक सुनिश्चित किए थे. जिला मार्शल आर्ट्स एकेडमी बालोद के कोच खोगेश्वरी गेंद्र, यामिनी कौमार्य वासुदेव अपने सारे खिलाडियों को तकनीकी प्रशिक्षण दे रहे हैं ताकि ये अपना स्थान और ऊंचा उठा सकें, तथा आगामी नेशनल सब जूनियर, कैडेट कैटेगरी का प्रतियोगिता असम में होने जा रहा जिनके लिए सारे खिलाड़ी और प्रशिक्षक पसीना बहा रहे हैं.

# सुधार की मांग: बालोद राजनांदगांव मुख्य मार्ग पर रेलवे फाटक के पास बने ब्रेकर साबित हो रहे हैं मुसीबत



संवाददाता | बालोद

बालोद भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ पार्षद कमलेश सोनी के नेतृत्व में रेलवे विभाग के वरिष्ठ अभियंता लोक निर्माण के मेश्राम को हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंप कर बालोद मुख्य मार्ग पारास रेलवे फाटक के दोनों तरफ बने अमानक गति अवरोधक ब्रेकर को हटाने एवं पुनः शासन के मानक अनुसार बनाने ज्ञापन सौंपा है. ज्ञापन के संदर्भ में वरिष्ठ पार्षद कमलेश सोनी ने बताया कि राजनांदगांव बालोद मुख्य मार्ग पर रेलवे फाटक के दोनों ओर रेलवे विभाग ने गति अवरोधक बनाया है जो अमानक है. इस गति अवरोधक के चलते बहुत सी चार पहिया वाहनों के टकराने से आइल चेम्बर तथा साइलेंसर फट जाता है. जिसका नुकसान गाड़ी मालिको को भुगतना पड़ता है. अमानक गति अवरोधक के कारण दो पहिया वाहनों के पीछे बैठे बुजुर्गों एवं महिलाओं के गिरने का खतरा भी बना रहता है. जिसके चलते इसे हटाकर पुनः मानक मापदंड के अनुसार इसका निर्माण कराया जाना आवश्यक है. शासन के नियमानुसार किसी भी गति अवरोधक का ऊंचाई 125 एमएम तथा चौड़ाई 2 मीटर होना आवश्यक है जबकि रेलवे फाटक के दोनों ब्रेकर इस मापदंड के अनुसार नही बने हैं. ऐसा प्रतीत होता है। लोगो के वाहनों को होने वाली समस्या एवं दुर्घटना को ध्यान में रखकर इसे जल्द मानक मापदंड बनाया जाए. ज्ञापन देने वालो में पार्षद लेखन साहिरो, रिछेद कलिहारी, पूर्व एल्डरमैन विनोद जैन मोनू, शहर महामंत्री नरेंद्र सोनवानी, पिंटू सारथी, महेश पाठक आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे.




## किसान सम्मान निधि से कृषकों को मिल रहा लाभ, सुधरने लगा भाजपा सरकार में जीवन स्तर :- सौरभ लूनिया

दल्लीराजहरा| भाजपा प्रदेश नेता सौरभ लूनिया ने किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को मिलने वाली 17वीं किश्त को लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी का तीसरा कार्यकाल किसानों के लिए बेहद खास है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल की शपथ लेते ही आवासहीन परिवार व किसानों के लिए तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही सबसे पहले हस्ताक्षर तीन करोड़ प्रधानमंत्री आवास व किसान सम्मन निधि की 17वीं किश्त जारी करने के लिए फाइल पर पहले हस्ताक्षर किए हैं। इस योजना का लाभ देश के नौ करोड़ 26 लाख किसानों को मिलने वाला है। उन्होंने आगे कहा कि इस महंगाई के दौर में प्रधानमंत्री मोदी जी का संकल्प किसानों की आय दोगुनी करने हर संभव प्रयास किया जा रहा है और सफलता भी प्राप्त हो रही है।

सुधर रहा किसानों का जीवन स्तर: सौरभ लुनिया


भाजपा नेता सौरभ लूनिया ने बताया कि भाजपा सरकार में किसानों का जीवन स्तर में कई गुना सुधार हुआ है, किसान आज समृद्ध है खुशहाल है। जिसकी पूर्ति के लिए किसान सम्मान निधि समय-समय पर कारगर सिद्ध होता है, छोटे व मंझौले किसानों के लिए यह वरदान है। साथ ही केंद्र सरकार व राज्य की भाजपा सरकार खाद बीज में मिलने वाली सब्सिडी, 0% ब्याज पर ऋण, अन्य कृषि संसाधनों पर सब्सिडी सहित सुलभ खरीदी व्यवस्था, एमएसपी मे वृद्धि सहित अन्य सुविधाओं से वर्तमान कृषि के क्षेत्र में हरित क्रांति आई है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश के हर क्षेत्र व वर्गो के विकास के लिए कार्य कर रही है।




## *गुरूर कॉलेज में मनाया गया योग दिवस: "स्वयं तथा समाज के लिए योग" थीम पर हुआ आयोजन*

गुरुर | नगर के स्व डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरुर में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर "स्वयं तथा समाज के लिए योग" थीम आधारित सामूहिक योगाभ्यास किया गया। जिसमे योग एवम विभिन्न आसनों का अभ्यास किया गया। हस्त, पैर संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, अष्टांगासन, शवासन, भ्रामरी, कपालभाती, अनुलोम विलोम, सूर्यनमस्कर, का अभ्यास किया गया। प्राचार्य के एल रावटे ने कहा कि हमारे जीवन में योग एवम आसनों का विशेष महत्व है, यह हमारी प्राचीन संस्कृति है जिसे निरंतर अभ्यास करते रहने से हम अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं। कार्यक्रम में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रोहित सोरी, डॉ.योगेंद्र धुर्वे, स्नेयल जोशी, गौसेवक प्रसाद, लेखराम हिरवानी, देवेंद्र रात्रे, प्रज्ञा कोरपे, दीपेश बरसेल,टोमेश्वर साहू, योगेश पौषार्य, नंदू पटेल, महाविद्यालय स्टॉफ,रासेयो स्वयं सेवक,एवम छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# पितृ पुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की स्मृति दिवस 23 जून से जन्म दिवस 6 जुलाई तक भाजपा चलाएगी सेवा पखवाड़ा, होंगे विविध कार्यक्रम ,"एक पेड़ मां के नाम: अभियान से करेंगे पौधारोपण





संवाददाता | बालोद

पवन साहू अध्यक्ष भाजपा जिला बालोद ने आगामी दिनों होने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम हेतु जिला प्रभारी एवं मंडल प्रभारी की घोषणा की है साथ ही विभिन्न कार्यक्रम भी तय कर दिए गए हैं. राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की स्मृति दिवस 23 जून से जन्म दिवस 6 जुलाई तक संगठन के लिए सेवा पखवाड़ा के रूप में विभिन्न कार्यक्रम निर्धारित किए हैं तदनुसार जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू के निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यक्रम समस्त मंडलों में आयोजित किया जाना है.

23 जून - डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति दिवस : भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के स्मृति दिवस पर समस्त शक्ति केंद्र स्तर पर मुखर्जी जी के तेल चित्र पर पुष्पांजलि, सार्वजनिक स्थल पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा उनके विचार, त्याग एवं बलिदान पर व्याख्यान एवं उनके विचार तथा प्रेरणा से संबंधित विचार गोष्ठी का आयोजन होगा.

आपातकाल - काला दिवस 25 जून : 25 जून 1975 को कांग्रेस शासन द्वारा आपातकाल लागू किया गया तथा लोकतंत्र की हत्या, मानव अधिकार का हनन, देशवासियों पर विभिन्न प्रकार के अत्याचार देश के इतिहास में काला दिवस के रूप में जाना जाता है. जिसमें मंडल स्तर पर निवासरत मिशा बंदी परिवार से संपर्क कर उनका साल श्रीफल से सम्मान करेंगे. हाई /हायर सेकेंडरी /कॉलेज में आपातकाल पर विस्तृत संबोधन का आयोजन होगा. इसके पश्चात जिला स्तर पर जिला भाजपा कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन होगा. साथ ही इस विषय को लेकर प्रेस कांफ्रेंस आयोजित किया जाएगा. वृहद वृक्षारोपण- "एक पेड़ मां के नाम" : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर पीपल का एक पेड़ लगाकर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की गई थी. अभियान को आगे बढ़ते हुए राष्ट्रीय स्तर से पन्ना प्रमुख तक सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा मां को साथ खड़ा करके या मां की तस्वीर को लेकर एक पेड़ मां के नाम लगाया जाएगा और इससे जुड़ी तस्वीर को अधिक से अधिक ट्वीट एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार करेंगे (संभव हो तो देववृक्ष वट, पीपल, अमला, आम, शमी पत्र, बेल पत्र जैसे वृक्षों का रोपण करेंगे. इसके अतिरिक्त इस पखवाड़ा के अंतर्गत वृक्षारोपण को व्यापक अभियान देते हुए जन अभियान से जोड़कर सार्वजनिक स्थान स्कूल, कॉलेज ,शिक्षण संस्थानों एवं एनजीओ को शामिल किया जाएगा, पार्टी के किसी भी कार्यक्रम के पहले वृक्षारोपण से शुरुआत करेंगे .एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम को जन-जन का कार्यक्रम बनाने हेतु जन जागरण अभियान करेंगे .पार्टी द्वारा व्यापक स्तर पर पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण किया जाएगा.

स्वच्छ भारत- स्वस्थ भारत: स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए तालाब कुआ एवं अन्य जल बहाव, जल स्रोतों को लक्ष्य लेकर के प्लास्टिक रहित अभियान 6 जुलाई तक चलाया जाएगा . 1 जुलाई को जिले के समस्त शक्ति केन्द्रो में प्रातः 7:30 बजे से 9:00 बजे तक शीतला मंदिरों के आसपास साफ सफाई करते हुए नीम का वृक्ष लगाकर सुरक्षा एवं संवर्धन का कार्यक्रम आयोजित करेंगे.

30 जून - मन की बात: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रसारित होने वाले माह के अंतिम रविवार को मन की बात का प्रसारण 30 जून को समस्त शक्ति केंद्र स्तर पर व्यापक रूप से जन समुदाय से जुड़कर तथा शक्ति केंद्र स्तर पर पार्टी की बैठक समीक्षा एवं कार्यक्रम आयोजित करेंगे. उक्त जानकारी राकेश यादव महामंत्री, देवेंद्र जायसवाल उपाध्यक्ष, ठाकुर राम चंद्राकार उपाध्यक्ष भाजपा जिला बालोद (जिला संयोजक सेवा पखवाड़ा) ने दी.

## गुण्डरदेही तहसील अंतर्गत अवैध प्लाटिंग के संबंध में सोशल मीडिया में प्रसारित ब्लू प्रिंट नक्शा निकली भ्रामक

बालोद। अनुविभागीय अधिकारी गुण्डरदेही श्री सुरेश साहू ने बताया कि सोशल मीडिया में प्रसारित गुण्डरदेही में तहसील के बगल में 30 फीट रोड के साथ, बेस्ट लोकेशन में, डायवर्टेड आवासीय प्लॉट का ब्लू प्रिंट नक्शा पूरी तरह से भ्रमाक है। उन्होंने बताया कि उक्त के संबंध में तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारी की संयुक्त टीम से जॉच कराया गया जॉच अनुसार ग्राम रेंगाकठेरा पटवारी हल्का नम्बर 33 रा.नि.मं. कंलगपुर तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद अंतर्गत तहसील के बगल ग्राम रेंगाकठेरा में अवैध प्लाटिंग के संबंध में किसी प्रकार का चिन्हांकन नही पाया गया, परन्तु खसरा नं. 179/1, 180/2, 188 रकबा कमशः 0.36, 0.03, 0,53 हे. भूमि भुपेन्द्र कुमार आ. रामूराम वगैरह ग्राम रेंगाकठेरा के नाम पर तथा खसरा नं. 180/1 रकबा 0.22 हे. सेवती पिता आशाराम के नाम पर दर्ज है, जिनकी भूमि पर प्रीकास्ट (घेरा) किया जा रहा है। ग्राम रेंगाकठेरा पटवारी हल्का नम्बर 33 के राजस्व अभिलेखानुसार ग्राम रेंगाकठेरा में प्लॉटिंग किये जाने लायक डायवर्टेड भूमि उपलब्ध नही है। उन्होंने बताया कि दुर्ग से बालोद मार्ग में ग्राम सिकोसा स्थित भूमि ख.नं. 858 रकबा 1.17 हे. मनसुभा के नाम पर दर्ज रही उनके वारिसान दशराज, सावली बाई, कमला, चन्द्रिका पिसरान मनसुखा के मध्य आपसी बंटवारा में खं.न. 858 का टुकडा ख.नं. 858/1 रकबा 0.29 दशराज के वारिसान ओमप्रकाश, 858/2 रकबा 0.29 सावली बाई पिता मनुसुखा, ख.नं. 858/3 रकबा 0.29 हे. कमला पिता मनसुखा, तथा ख.नं. 858/4 रकबा 0.30 हे. चन्द्रिका पिता मनसुखा के नाम पर दर्ज रहा है उक्त भूमि को वर्ष 2021 में जसवंत डड़सेना पिता महेश कुमार द्वारा क्रय किया गया है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया में जो भूमि का ब्लू प्रिंट दर्शाया गया वह भूमि डायवर्टेड नही हुआ और न ही उक्त खसरे की भूमि में मुरूम रास्ता वगैरह उपलब्ध नही है, उक्त भूमि में घास पौधा लगा हुआ है प्लांटिग जैसा स्पष्ट रूप से नजर नहीं आ रहा है। इस प्रकार तहसील गुण्डरदेही अन्तर्गत अवैध प्लॉटिंग के संबंध में सोशल मीडिया में प्रसारित पोस्ट भ्रामक प्रतीत होता है।

# स्कूल चलव : डॉ एस एल गंधर्व झलमला बालोद 9926656038



स्कूल चलव,पढ़व लिखव आगे बढ़व
देश हमर ये देश बर लड़व.
न जुल्म करव न जुल्म सहव न जुल्मी बनव
धरम करव करम करव, सुन्दर आदमी बनव
देश हमर ये देश बर लड़व.....
अत्याचारी, भ्रष्टाचारी ल सबक सिखाव
आंतकवादी राक्षस ल देश ले भगाव
देश हमर देश बर लड़व ...
महतारी बेटी नारी के सम्मान करव
लइका जवान सियान के ज्ञान धरव
देश हमर देश बर लड़व....
बेटी बेटा जाति धरम के भेद मिटाव
मनखे के मनखे करम करके दिखाव
देश हमर देश बर लड़व....

धरती माता के सेवा करके अन्न उपजाव
मजदूर गरीब किसान के जय बोलावव
देश हमर देश बर लड़व...
भारत भुइया के सेवा करके नाम कमावव
जेन हमला आंखी देखाये वोला भगावव
देश हमर देश बर लड़व....
साधु संत अउ ज्ञानी के ज्ञान धरव
दाई ददा अउ गुरूजी के मान करव
देश हमर देश बर लड़व....
सरहद में लड़या जवान के हौसला बढ़ाव
देश बर बने शहीदों के जय कारा लगाव
देश हमर देश बर लड़व...
मेहमान ल भगवान समझव
पहली जइसे सम्मान करव
देश हमर देश बर लड़व...
पेड़ पौधा लगा के हरियर बनावव
सब प्रकार के परदूशन ल भगावव
देश हमर देश बर लड़व....
साफ सफाई के धियान रखव
स्वच्छ गांव स्वच्छ शहर बनावव
देश हमर देश बर लड़व...
सोनचिरईया ल स्वर्ग बनाव
भारत भुइया म जीवव मरव
देश हमर देश बर लड़व....

## युवाओं द्वारा लिखी कविताएं,,,, आप भी भेज सकते हैं अपनी रचनाएं इस नंबर पर 9755235270

**जिंदगी- हम आज हैं पर कल नहीं - हर्षवर्धन मेश्राम सुपेला भिलाई**

जिंदगी:- हम आज हैं पर कल नहीं
जिंदगी का क्या भरोसा,हम आज हैं पर कल नहीं,
मेहनत के बिना यहां होता कोई सफल नहीं,,
कुछ लोगों के बिना ,कटता एक पल नहीं ,,

हम आज हैं पर कल नहीं.....

रुकावटें तो बहुत आती है,
पर तुम कभी रुको नहीं,,
मजबूर होकर भी किसी के
सामने तुम झुको नहीं,,
ऐसे ही डटे रहो जैसे तुम्हे
कोई हरा सके नहीं ,,
हम आज हैं पर कल नहीं......

0000000000000000000000

**Phone के आने से किताबें नाराज है - दानिश साहू नर्मदा (सुरसुली) बालोद**

Phone के आने से , किताबें नाराज है ।
जरा ध्यान से सुनना ! ये किताबो की आवाज है।
Phone के आने से , किताबें नाराज है ।
किताबो की जगह फोन पर , अब उंगलियां चलने लगी है
किताबें अब रद्दी में हर रोज जलने लगी है।
बाते बुरी लगेंगी मगर सुनना जरूर...
मेरी बातों को मन में गुनना जरूर !
दिन भर फोन चलाकर अब तुम सोने लगे हो।
Future की tention में अब रोने लगे हो।
छोटी सी उम्र में अब दिल टूट रहा है।
पता नही किस - किस से तुम्हारा साथ छुट रहा है ।
बर्बादी के इस झूले (फोन) में लगातार झूल रहे हों।
अपने मां - बाप के " सपनो... " को तुम फिर भूल रहे हो।
कविता की अंतिम पंक्ति तुम्हे अपने सपनो की याद दिला रही है।
जा मित्र तुझे तेरी किताबें बुला रही है....




**कान्हा की परछाई - परमानंद निषाद'प्रिय' निठोरा, बलौदा बाजार**

कान्हा परछाई सदा, देखूँ आठोयाम।
जगत जानता है सदा; जपता कान्हा नाम।1।

प्रेम रुपी संसार में; रहे सदा आसक्त।
करे वंदना आपका; सच्चा निषाद भक्त।2।

हमको गीता ज्ञान से; देते शुभ संदेश।
हरपल मुरली भक्ति से; मन का मिटता द्वेष।3।

प्रेम सदा संसार में; करते सारे लोग।
परछाई से युक्त मन; प्रेम का करे भोग।4।

परछाई मुस्कान की; हरपल हमको देत।
जो विचार करके चले; परछाई सत देत।5।<

# अकेला मास्टर ही दोषी क्यों ? लेख साभार: सोशल मीडिया




10 मिनट लेट हो जाने पर मास्टरों पर ऊँगली उठाने वाले लोग बताएं कि किस अधिकारी के कार्यालय में जाने पर आपको उसके आने का घंटो इन्तजार नहीं करना पड़ता ? किस कार्यालय में जाने के बाद आपको यह सुनने को नही मिलता कि साहब आज नहीं हैं ? हफ्तों इन्तजार करने के बाद जब साहब के किसी दिन आने की सूचना मिलती है तो आप समय से कार्यालय पहुँच जाते हैं और 12 बजे तक साहब के आने का इंतजार करते हैं, जब साहब गाड़ी से उतरते हैं तो रस्ता छोड़कर झुककर हाथ जोड़कर उनके सम्मान में अपना सम्मान गिरवी रखते हैं। फिर साहब आसन ग्रहण करते हैं और आप अपनी बारी का इंतजार बारी आने पर हाथ जोड़कर जी हुजूर, जी हुजूर कहते हुए काँपते हाथों से अपनी फरियाद सुनाते हैं कि साहब कुछ दया कर दें। आधी अधूरी फरियाद सुनने के बाद साहब आपको जाने का हुक्म देते हैं और लौटते समय आप हाथ जोड़कर 3 बार झुक झुककर सलामी ठोंकते हैं इस उम्मीद में कि साहब एक बार आपकी सलामी स्वीकार कर लें। लेकिन साहब कोई जवाब नहीं देते और उनका अर्दली आपको धकियाते हुए कहता है कि चलिये अब बाहर निकलिये । इतनी दीनता दिखाने के बाद और इतना सम्मान पाने के बाद आप खुशी-खुशी घर जाते हैं कि आज साहब मिल तो गये और उनसे बात हो गयी। यही लोग स्कूल में आकर शेर बनते हैं और उस मास्टर के सामने अपना पराक्रम दिखाते हैं जो उनके बच्चों का भविष्य संवारने के लिये गेंहू तक पिसवाकर रोटी खिलाता है। हाथ पकड़कर लिखना सिखाता है। डर से आँसु निकलने पर आपके बच्चे को गोदी में बैठाकर आँसु तक पोछता है। गली में जुआ खेलते दिख जाने पर आपके बच्चे को डाँटता भी है और ऐसे शिक्षक पर आपको धौंस जमाते हुए तनिक भी लज्जा नहीं आती। आपके बच्चे को डाँट देने पर आप स्कूल में सवाल करने चले आते हैं कि 'मास्टर तुमने मेरे बच्चे को डाँटा क्यों ?' भले ही आप किसी पुलिस वाले से अक्सर बिना वजह डाँट खाते रहते हों। उनसे तो बिन गलती लाठी खाने पर भी आप माफी मांगने लगते हैं किन्तु मास्टर द्वारा अनुशासन बनाये रखने के लिए दी गयी डॉट पर भी आपको जवाब चाहिए। आप ये भूल जाते हैं कि जब आप अपने बच्चे का रोना सुनकर उसकी पैरवी करने स्कूल आते हैं तो उसी समय आपके बच्चे के मन से अनुशासन के नियमों का भय निकल जाता है और वह और भी अनुशासनहीन हो जाता है। उसके मन से दंड का भय निकल जाता है और वह और भी उद्दंड हो जाता है। वह ये सोचने लगता है कि गलती करने पर उसके पापा उसका पक्ष लेंगे इसलिए गुरुजी से डरने की जरूरत नहीं। फिर तो वह स्कूल का कोई भी कार्य न करेगा। आप अपने बच्चे की पढ़ाई चाहते हैं या उसकी स्वच्छन्दता ?
कानून का भय यदि समाप्त हो जाय तो हर कोई कानून का उल्लंघन करने लगेगा, ठीक उसी प्रकार यदि अनुशासन का भय यदि खत्म हो जाय तो बच्चा स्वच्छन्द हो जाएगा। विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था खतरे में पड़ जाएगी।" ये हमारा दुर्भाग्य है कि बेसिक में पढ़ने वाले कई बच्चों के माता-पिता अनुशासन के महत्त्व से बिलकुल अनजान हैं और हर दंड को नकारात्मक ही लेते हैं।

जबकि गोस्वामी तुलसीदास ने लिखा है भय बिन होय न प्रीति।' भय बिना अनुशासन भी सम्भव नहीं है और बिन अनुशासन शिक्षक छात्र सम्बन्धों की कल्पना

बेमानी सी होगी।

आप अपने परिवार को ही लीजिये, क्या आप बच्चे की गलती पर उसे दंड नहीं देते ? समझाने का असर एक सीमा तक ही होता है, वो भी हर एक पर असर भी नहीं करता । दंड का आशय सदैव उत्पीड़न नहीं होता, विद्यालय में तो हरगिज नहीं। विद्यालय में दंड का आशय अनुशासन स्थापित करने से होता है। यहाँ दंड का आशय पिटाई से न लगाएँ।

*शिक्षक को सदैव खुशी होती है जब उसका कोई शिष्य उससे भी आगे निकलता है और इसी उद्देश्य से वह शिक्षा भी देता है कि उसका प्रत्येक शिष्य सफल हो। इसलिए आप शिक्षक के कार्यों का छिद्रान्वेषण न करें, न ही उस पर शंका।*